# मेरे श्याम आज तुझको जी भर के देखना है भजन लिरिक्स

मेरे श्याम आज तुझको,
जी भर के देखना है,
मेरे श्याम आज तुझकों,
जी भर के देखना है,
जी भर के देखना है,
पलकों में तुझको अपनी,
बंद कर के देखना है,
मेरे श्याम आज तुझकों,
जी भर के देखना है।bd।

---

एक बार देखने से,
होता नहीं गुजारा,
होती है फिर तमन्ना,
देखूं तुझे दोबारा,
देखूं तुझे दोबारा,
तुझे फिर तेरी गली से,
गुजर के देखना है,
मेरे श्याम आज तुझकों,
जी भर के देखना है।bd।

---

जिस चाँद से मुखड़े पे,
मरती थी राधा रानी,
जिसे देखते ही मीरा,
तेरी हो गई दीवानी,
तेरी हो गई दीवानी,
उस चाँद से मुखड़े पे,
मुझे मर के देखना है,
मेरे श्याम आज तुझकों,
जी भर के देखना है।bd।

---

इस दिल के आयने में,
तस्वीर तेरी रख के,
देखेंगे आज अपनी,
तक़दीर को परख के,
तक़दीर को परख के,
तेरे मन में मेरे प्यारे,
अब उतर के देखना है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम आज तुझको,
जी भर के देखना है,
मेरे श्याम आज तुझकों,
जी भर के देखना है,
जी भर के देखना है,
पलकों में तुझको अपनी,
बंद कर के देखना है,
मेरे श्याम आज तुझकों,
जी भर के देखना है।bd।

स्वर – संदीप बंसल जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com